चौखट पर बाबा तेरी | By Hari Sharma

चौखट पे बाबा तेरी मैं आज खड़ा रे
बनके भिखारी मैं तो तेरे द्वार पड़ा रे
द्वार पड़ा रे मैं तो द्वार पड़ा रे
चौखट पे बाबा तेरी ....

विनती मेरी बाबा तू क्यों बिसरावे
भगत खड़ा है दर पे तेरे क्यूँ देर लगावे
जीवन है सौंपा तुमको कोई ना सहारा रे
कोई ना सहारा रे ....
कोई ना सहारा रे ....
चौखट पे बाबा तेरी ......

मन की बाता मैं बोलो किसको सुनाऊ
तू ना सुने तो बाबा फिर किस दर मैं जाऊं
किस्मत की रेखा बाबा तू ही बनाये रे
तू ही बनाये रे बाबा तू ही बनाये
चौखट पे बाबा तेरी ......

बिगड़ी हुई को बाबा तू ही संभाले
बिखरा जीवन मेरा तू ही सँवारे
सरल की सांसें बाबा तू ही चलाये रे
तू ही चलाये रे बाबा तू ही चलाये
चौखट पे बाबा तेरी ......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a5%8c%e0%a4%96%e0%a4%9f-%e0%a4%aa%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-hari-sharma/